न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।

भारती

वार्षिक पत्रिका

2024

इलाहाबाद इण्टर कालेज

(अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद द्वारा संचालित)

11/19, एस.सी. बसु रोड, जीरो रोड, प्रयागराज



इलाहाबाद इण्टर कालेज, प्रयागराज

प्रबन्ध समिति के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं

इलाहाबाद इण्टर कालेज

प्रयागराज

वार्षिक पत्रिका

भारती

(2024)

संरक्षक

डॉ0 (श्रीमती) मंजू सिंह

प्रधानाचार्य

प्रधान सम्पादक

डॉ0 अनन्त कुमार गुप्त

सम्पादक

डॉ0 (श्रीमती) इन्दु सिंह
डॉ0 जय प्रकाश शर्मा
महेश कुमार श्रीवास्तव
डॉ0 श्रीराम तिवारी
राजेन्द्र प्रताप सिंह
श्रीमती मीनाक्षी शर्मा
अजय बहादुर सिहं
डॉ0 देवी शरण
श्रीमती रशिम अग्रवाल
कुँवर मृगेन्द्र सिंह

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हुआ कि इलाहाबाद इण्टर कालेज, प्रयागराज विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी अपनी वार्षिक पत्रिका ''भारती'' का प्रकाशन कर रहा है। यह विद्यालय प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानो में अपनी प्रभावपूर्ण शिक्षा एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में विशेष महत्व रखता है। पत्रिका के माध्यम सें छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं को अपनी साहित्यिक प्रतिभा को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है साथ ही विद्यालय की उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों से जन मानस का परिचय सम्भव हो पाता है।

मैं, प्रबन्ध समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से ''भारती'' के सफल प्रकाशन की शुभकामनाएं एवं विद्यालय परिवार को बधाई देता हूँ।

(श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल)

अध्यक्ष

प्रबन्ध समिति, इलाहाबाद इण्टर कालेज,

प्रयागराज

प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल
Prof. Peeush Ranjan Agrawal

Formerly :
- Professor (HAG), School of Management Studies
  Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
  Prayagraj, India
- Vice-Chancellor, V.B.S. Purvanchal University, Jaunpur, U.P.
- Vice-Chancellor, A.P. Singh University, Rewa, M.P.

Address :
21, Kamla Nehru Road,
Near Manmohan Park, Katra,
Prayagraj - 211002, India
peeushra@rediffmail.com
+91-9415218088

दिनांक 16.03.2024

संदेश

प्रयाग की पावन धरती पर जीरोरोड स्थित, विद्यालय की स्थापना सन् 1906 में 'अग्रवाल विद्यालय' के स्वरूप में 03 विद्यार्थियों के साथ जौहरी टोला के बंदर का शिवाला नामक भोलेनाथ के मन्दिर से हुई । तात्कालिक परिस्थिति में, जनसामान्य के पढ़ाई–लिखाई के प्रति उदासीनता को देखते हुए, स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पुस्तक, कपड़े एवं मध्यान भोजन की जिम्मेदारी का निर्वहन स्वयं करते थे। चार वर्ष उपरान्त, 1910 में 'अग्रवाल विद्यालय इण्टर कालेज' के नाम से वर्तमान परिसर 19, एस0सी0 बसुरोड पर यह विद्यालय पुर्नस्थापित हुआ । वर्ष 1915 में विद्यालय को अनुदान सूची में सम्मिलित किया गया। इण्टरमीडिएट कक्षाओं, वाणिज्य वर्ष 1936, कला वर्ष 1940 तथा विज्ञान वर्ष 1945 में मान्यता प्राप्त हुई। वर्ष 1992 में बालकों की शिक्षा के साथ बालिकाओं का प्रवेश भी प्रारम्भ किया गया ।

अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यह संस्था 'इलाहाबाद इन्टर कालेज', वट वृक्ष के रूप में विकसित होती हुई, वर्तमान में इलाहाबाद डिग्री कालेज, इलाहाबाद विद्या निकेतन एवं इलाहाबाद ललित कला अकादमी के स्वरूप में नगर स्थित तीन परिसरों, जीरोरोड, कीडगंज एवं बेनीगंज में शैक्षणिक विकास में अनवरत कार्य कर रही है ।

''14 सितम्बर, 1988 में जन्म लेकर 36 वर्ष की आयु में श्री काशीनाथ अग्रवाल जी 1924 में स्वर्गवासी हो गये । शहर के मध्य में स्थित आपके विशाल एवं भव्य निवास भवन (बड़ा फाटक), जौहरी टोला, जीरो रोड, इलाहाबाद के भूमिगत–तल में छापाखाना (प्रिंटिंग प्रेस) भी था। बाबू काशी नाथ जी की देश भक्ति भावना के कारण ही स्वाधीनता आन्दोलन के सदस्यों एवं जन–सामान्य के मन–मस्तिष्क में आजादी के प्रति और अधिक जोश–खरोश एवं जज्बा पैदा करने के ध्येय से आपके छापाखाने में स्वाधीनता आन्दोलन से सन्दर्भित पं० सुन्दर लाल द्वारा लिखित पुस्तक ''भारत में अंगरेजी राज'' गुप्त रूप से छप कर प्रकाशित हुई। पुस्तक प्रकाशन एवं वितरण की सूचना मिलते ही अंग्रेजी हुकूमत ने आपके घर पर छापा मारा और पुस्तक पर प्रतिबन्ध (बैन) लगा दिया। पुस्तक प्रकाशन का स्थल होने के कारण विशाल निवास भवन को बुल्डोजर से ढहा दिया। छापे में आपका सम्पूर्ण परिवार तो भाग निकला, मात्र आपके भाई बाबू दीना नाथ अग्रवाल अंग्रेजों के हाथ लग गये, जिन्हें फाँसी दे दी गयी। ''

इलाहाबाद इण्टर कालेज एवं इलाहाबाद विद्या निकेतन के वार्षिकोत्सव 2024 की इस आयोजन पर अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद एवं विद्यालय परिवार की ओर से स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल जी की 100वीं पुण्यतिथि पर उन्हें हम नमन करते हैं । पूर्ण विश्वास है कि, संस्था की यह धरोहर जिसकी नींव राष्ट्रीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित है, का सकुशल निर्वहन हम सब मिलकर करते रहेंगे ।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल
अध्यक्ष, अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद
प्रबंधक, इलाहाबाद इण्टर कालेज

प्रधानाचार्य की कलम से

डॉ0(श्रीमती) मंजू सिंह

छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और उसमें निखार लाने का सशक्त माध्यम विद्यालय की पत्रिका होती है। पत्रिका विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। विद्यालय के शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक गतिविधियां वर्ष पर्यन्त चलती रहती है। इस पत्रिका के माध्यम से आप अवगत हो सकेगे कि विद्यालय में स्काउट खेलकूद एवं विभिन्न कौशलों के विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे चलकर प्रबुद्ध देशभक्त एवं विविध कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेगे एवं समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभायेगे।

मैं सभी छात्रों, शिक्षकों और सम्पादक मण्डल के सदस्यों को पत्रिका 'भारती' के प्रकाशन में उनके योगदान के लिए बधाई देती हूँ तथा सम्मानित प्रबन्ध तन्त्र एवं अन्य विद्वतजनों का आभार व्यक्त करती हूँ। जिनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से यह गुरूतर कार्य सम्भव हो सका है।

माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक कुमार बिड़ला

माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक कुमार बिड़ला, आपका जन्म 18 सितम्बर 1963 ई0 को एक प्रतिष्ठित बिड़ला परिवार में हुआ। आपके पूज्य पिताजी न्यायमूर्ति श्री के0के0 बिड़ला, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में न्यायमूर्ति रहें हैं। न्यायमूर्ति श्री विवेक कुमार बिड़ला नें आगरा से बी0काम0 और एल0एल0बी0 करने के पश्चात् 1986 ई0 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में वकालत प्रारम्भ की।

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी न्यायमूर्ति श्री बिड़ला ने अपनी योग्यता, परिश्रम और वाक्पटुता, कानून में मर्मज्ञता एवं संयमित तथा तार्किक दृष्टिकोण से शीध्र ही एक सफल अधिवक्ता के रूप में अपने को स्थापित कर लिया। अपनी योग्यता और कार्यकुशलता से वर्ष 2014 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में अतिरिक्त न्यायमूर्ति तथा वर्ष 2016 से स्थायी न्यायमूर्ति के गरिमापूर्ण पद को सुशोभित कर रहें हैं।

बहुआयामी प्रतिभा के धनी न्यायमूर्ति श्री बिड़ला जी नें लॉन टेनिस, बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस में अनेक प्रतियोगिताएं जीती तथा आपके कुशल नेतृत्त्व में आगरा विश्वविद्यालय लॉन टेनिस में चैम्पियन बना। आपको घुड़सवारी का भी शौक है।

एक योग्य कानूनविद्, असाधारण खेल प्रतिभा तथा मृदुभाषी और प्रेरक व्यक्तित्त्व के धनी न्यायमूर्ति श्री विवेक कुमार बिड़ला का सानिध्य विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। आपकी असाधारण प्रतिभा, कार्यकुशलता, संयमित जीवन शैली और मृदुभाषी व्यक्तित्त्व हम सबका मार्ग दर्शक बने और युवा पीढ़ी के पथ को आलोकित करे। विद्यालय परिवार आपका हृदय से अभिनन्दन करता है एवं सतत् यशस्वी जीवन की मंगलकामना करता है।

माननीय न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल

पुरा छात्र

विद्यालय के पुरा छात्र माननीय न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल का जन्म 5 मई 1953 ई0 को एक प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार में हुआ। आदरणीय पिता श्री राजाराम अग्रवाल (पूर्व महाधिवक्ता) के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा 1 से 5 तक की शिक्षा सेन्ट एन्थोनी कॉलेज से तथा 6 एवं 7 की शिक्षा सेन्ट जोसेफ कॉलेज से पूर्ण की। तत्पश्चात् कक्षा 8 से 12 तक की शिक्षा इलाहाबाद इण्टर कॉलेज से पूर्ण हुई। स्नातक इलाहाबाद डिग्री कॉलेज तथा कानून में स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूर्ण करने के बाद अपने पूज्य पिताजी के मार्गदर्शन में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्य प्रारम्भ किया। कुशाग्रबुद्धि और मृदुभाषी व्यक्तित्त्व के धनी न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल जी ने सिविल, संवैधानिक, कम्पनी, शैक्षिक और कराधान से सम्बन्धित वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया। भारत सरकार के आयकर विभाग तथा निगमों एवं अनेक संस्थानों के भी आप अधिवक्ता रहे।

वर्ष 1999 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में न्यायमूर्ति के रूप में वर्ष 2013 में मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में तथा वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के प्रतिष्ठापरक न्यायमूर्ति के गुरूतर दायित्त्व का निर्वहन किया। जुलाई 2018 में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर आपने सफलता की कड़ी में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया।

समस्त विद्यालय परिवार अपने यशस्वी, मृदुभाषी एवं प्रेरक व्यक्तित्त्व के धनी विद्यालय के पुराछात्र न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल से अपने को संबद्ध कर गर्व का सुखद अनुभव कर रहा है। हम आपके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की मगंलकामना करते हैं तथा यह अपेक्षा करते हैं कि, आपका स्नेह हम सबके प्रति इसी तरह बना रहे।

संदेश

आर0 एन0 विश्वकर्मा
पी0ई0एस0

उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक)
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज
मो0नं0–9454457254, 9415368859
ईमेल–ddrallahabad123@gmail.com

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि प्रयागराज में स्थित इलाहाबाद इण्टर कॉलेज प्रयागराज अपनी वार्षिक पत्रिका ''भारती'' का प्रकाशन करने जा रहा है।

यह सार्वभौमिक सत्य है कि किसी समाज के विकास में शिक्षण संस्थाओं की अहम भूमिका होती है। मेरी अभिलाषा है कि इस पत्रिका में ऐसी विषय वस्तु रखी जाये, जिससे शिक्षार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा समाज के हर वर्ग में नई सोच का विकास हो सकें।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु विद्यालय परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामना।

दि0 03.2024

(आर0 एन0 विश्वकर्मा)
उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक)
प्रयागराज मण्डल प्रयागराज

पी0एन0 सिंह
पी0ई0एस0

जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।
अ0शा0प0/ /2023–24
दिनांकः ..... मार्च, 2024

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अपार प्रसन्नता की अनुभूति प्राप्त हो रही है कि प्रयागराज संगम तट के निकट स्थित विद्यालय इलाहाबाद इण्टर कालेज प्रयागराज अपनी वार्षिक पत्रिका **"भारती"** का प्रकाशन करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि विद्यालय की प्रकाशित हो रही पत्रिका छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी। पत्रिका के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को विचार अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा। मुझे विश्वास है कि पत्रिका का यह अंक अभीष्ट को प्राप्त करेगा।

मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रकट करता हूँ।

(पी0एन0 सिंह)

प्रधानाचार्य,
इलाहाबाद इण्टर कालेज
प्रयागराज।



अर्जुन पदक प्राप्तकर्ता श्रद्धेय सुरेश गोयल

पुरा छात्र

बैडमिंटन के क्षेत्र में भारत का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर शिखर तक ले जाने वाले श्री सुरेश गोयल जी का पूरा नाम श्री सुरेश चन्द्र गोयल था, आपका जन्म महाराजा अग्रसेन जी के वंशज प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार में हुआ था। आदरणीय पिता जी श्री नारायण दास अग्रवाल (श्री एन0डी0 अग्रवाल) हिन्दी दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र भारत एवं अंग्रेजी समाचार पत्र पायनियर में वरिष्ठ पत्रकार रहे तथा वित्त एवं प्रबन्धन के बहुआयामी प्रतिभा के धनी होने के कारण अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद, प्रयागराज की प्रबन्ध समिति में कोषाध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया।

श्री सुरेश गोयल जी की प्रारम्भिक से लेकर इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा इलाहाबाद इण्टर कालेज (अग्रवाल इण्टर कालेज) प्रयागराज से हुई। आपने कला वर्ग के विषयों के साथ इण्टर की परीक्षा उच्च अंको से उत्तीर्ण किया। अपनी प्रतिभा, कर्तव्यपरायणता तथा शिक्षा एवं खेल के प्रति गहरे लगाव के कारण अपने गुरूजनों के प्रिय एवं यशस्वी छात्र के रूप में जाने जाते रहे। उच्च शिक्षा इलाहाबाद डिग्री कालेज, प्रयागराज से पूरी की।

खेल के क्षेत्र में बैडमिंटन के प्रति आपकी विशेष अभिरूचि रही। 10 वर्ष की अल्पायु से ही बैडमिंटन खेलना आरम्भ किया तथा 14 वर्ष की अवस्था में ही सन् 1957 में जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीता। 1958 में भी आप चैम्पियन रहे। सन् 1959 से 1962 तक लगातार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का पदक जीता तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर विश्वविद्यालय बैडमिंटन में भी आप चैम्पियन रहे। वर्ष 1962, 1963, 1964, 1967 एवं 1970 में आयोजित पुरूष राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पदक विजेता रहे। वर्ष 1971 में युगल राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पदक विजेता रहे।

आपने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा चैम्पियनशिप का खिताब जीता। वर्ष 1960, 1963, 1973 एवं 1975 में थामस कप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यू0एस0ए0 एवं कनाडा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ओपेन बैडमिंटन चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का पदक अपने नाम किया। यूरोप सहित विश्व के अन्य देशों इग्लैण्ड, पाकिस्तान आदि में आयोजित ओपेन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा पदक विजेता रहे।

1972 में आयोजित म्यूनिख ओलम्पिक में पूरे विश्व से आमन्त्रित 16 बैडमिंटन खिलाड़ियों में भारत की तरफ से इकलौते बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में आपने प्रतिभाग किया।

सन् 1963 में भारतीय लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी में चीफ लेबर वेलफेयर इन्सपेक्टर का पदभार संभाला तथा पूरे सेवाकाल में खेल के साथ-साथ अपने पद के दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया। सेवा के प्रति ईमानदारी एवं समर्पण का भाव तथा खेल के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों के कारण वाराणसी के डीजल लोकोमोटिव वर्क्स हाल का नाम सुरेश गोयल बैडमिंटन हाल कर दिया गया। आपको वर्ष 1967 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर अनेकों अवार्ड एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाता रहा।

आपकी प्रतिभा एवं उपलब्धियों को संक्षेप में प्रस्तुत करना सम्भव नही है। विद्यालय अपने यशस्वी एवं प्रतिभावान पुरा छात्र के प्रति गर्व का अनुभव करता है। आपका भावपूर्ण स्मरण ही हम सबका पथ प्रदर्शक बने तथा आपकी स्मृति मात्र से एक नयी उर्जा का संचार हो। आपकी गुरूतर उपलब्धियाँ हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बने, ईश्वर से यही कामना करते हैं।

सम्पादकीय

डॉ0 अनन्त कुमार गुप्त
प्रवक्ता (वाणिज्य)

विद्यालय इलाहाबाद इण्टर कालेज, प्रयागराज 'अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद' के कुशल निर्देशन में संचालित होता है। इसके संचालनार्थ एवं विविध क्रिया कलाप सम्यक् निरीक्षणार्थ इलाहाबाद इण्टर कालेज प्रबन्ध समिति का गठन किया गया जिसके नेतृत्व में विद्यालय को प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। विद्यालय की इस उपलब्धि में उन महापुरुषों के सतत् प्रयास, अथक परिश्रम एवं महती अनुकम्पा का प्रतिफल है जिन्होंने प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष का पदभार सँभाला। ये परम उदार पुरुष रहे श्रद्धेय श्री बेनी प्रसाद अग्रवाल, श्रद्धेय श्री संगम लाल अग्रवाल, श्रद्धेय श्री राधा कृष्ण अग्रवाल, श्रद्धेय श्री राधेश्याम अग्रवाल, श्रद्धेय श्री कन्हैया लाल गोविल, श्रद्धेय श्री बाबू रामकृष्ण अग्रवाल, श्रद्धेय श्री राजाराम अग्रवाल एवं श्रद्धेय श्री भरतजी अग्रवाल। वर्तमान में यह पद श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल सुशोभित कर रहे हैं। आप अति कर्मठ, परिश्रमी, सत्यनिष्ठ, प्रशासन कुशल एवं कर्तव्यनिष्ठ हैं आपके कुशल निर्देशन, मार्गदर्शन एवं सहयोग से विद्यालय सतत् विकास की ओर अग्रसर है।

विद्यालय के सफल संचालन एवं विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका प्रबन्धक/मंत्री की होती है जिनके प्रबन्धन, प्रशासन एवं कुशल निर्देशन में संस्था उत्तरोत्तर प्रगति करती है। प्रबन्ध समिति में इस पद का निर्वहन पूर्व में किया है श्रद्धेय श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, श्रद्धेय श्री रामस्वरूप गुप्त, श्रद्धेय श्री रायसाहब हरिराम अग्रवाल, श्रद्धेय श्री लोकमणि लाल अग्रवाल, श्रद्धेय श्री शम्भूनाथ अग्रवाल, श्री राकेश रंजन अग्रवाल एवं श्री राजीव रंजन अग्रवाल। इस महत्वपूर्ण पद को वर्तमान में एक लम्बी अवधि से सुशोभित कर रहे हैं प्रोफेसर (डॉ0) पीयूष रंजन अग्रवाल। आप अद्भुत क्षमता, प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी एवं माँ सरस्वती के वरद पुत्र हैं। अपनी कार्यकुशलता, सहजता, सहृदयता के कारण आपने जो सम्मान प्राप्त किया है अत्यन्त सराहनीय है। शिक्षा के क्षेत्र में आपने अभूतपूर्व योगदान के रूप में आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ0प्र0) एवं डॉ0 हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म0प्र0) में प्रोफेसर तथा मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज (उ0प्र0), के प्रबन्ध विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष में महत्वपूर्ण पद को सुशोभित किया है। आप वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0) तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवां (म0प्र0) में शिक्षा जगत के सर्वोच्च पद कुलपति का पद सुशोभित किया है। आप अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद् में अध्यक्ष पद को भी सुशोभित कर रहे हैं। आपके मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद इण्टर कालेज, प्रयागराज, ललित कला अकादमी, इलाहाबाद विद्या निकेतन सतत् प्रगति करता हुआ विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

अर्थिक दृष्टि से संस्था को मजबूत बनाए रखने का दायित्व प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष का होता है। इस पद को पूर्व में सुशोभित किया है श्री राम स्वरूप अग्रवाल, श्री हरिश्चंद्र अग्रवाल, श्री एन0 डी0 अग्रवाल, श्री जे0 डी0 जैन, डॉ0 जी0 सी0 अग्रवाल, श्री प्रेम मोहन अग्रवाल, श्री सूरज प्रसाद अग्रवाल, श्री संतोष कुमार अग्रवाल। वर्तमान में कोषाध्यक्ष के इस महत्वपूर्ण पद को सुशोभित कर रहे हैं श्री विजय कृष्ण। आप एक कुशल व्यवसायी के साथ वित्त एवं प्रबंधन के क्षेत्र में बहुआयामी प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं। आप सदैव विद्यालय की प्रगति एवं विकास के लिये तल्लीन रहते

हैं। आपकी सौम्यता, सहजता एवं उदारता तथा सहयोग एवं विकासशील भावना से विद्यालय अनवरत प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

विद्यालय में पठन-पाठन एवं अनुशासित माहौल बनए रखने का दायित्व प्रधानाचार्य का होता है, वर्तमान में इस पद को सुशोभित कर रही हैं डॉ0 (श्रीमती) मंजू सिंह जो शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के बीच रहकर विद्यालय हित में सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर रही है।

विद्यालय के सफल संचालन हेतु अनेक समितियाँ है। **प्रवेश समिति-** डॉ0 (श्रीमती) इन्दु सिंह, डॉ0 अनन्त कुमार गुप्त, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्री महेश्वरी प्रसाद संत। **परीक्षा समिति-** डॉ0 (श्रीमती) इन्दु सिंह, डॉ0 अनन्त कुमार गुप्त, श्री बलराम, श्री महेश कुमार श्रीवास्तव, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह। **अनुशासन समिति -** डॉ0 जय प्रकाश शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अजय बहादुर सिंह, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ0 मुकेश त्रिपाठी। **सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति-** श्री बलराम, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्रीमती रूबी अग्रवाल, श्री कुँवर मृगेन्द्र सिंह, श्रीमती कौशिकी अग्रहरि।

वर्षपर्यन्त पठन-पाठन के साथ अनेक पाठ्य सहगामी गतिविधियां विद्ययालय में करायी जाती हैं, यथा - निबन्ध-लेखन, भाषण-प्रतियोगिता, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता आदि। इन प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में छात्र वर्ग में डॉ0 देवी शरण, डॉ0 मुकेश त्रिपाठी, श्री सुखराम, श्री चन्द्र प्रकाश तथा छात्रा वर्ग में श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्रीमती शालिनी कनौजिया, श्रीमती रूबी अग्रवाल, श्री अमर कुमार, श्रीमती कौशिकी अग्रहरि का योगदान रहता है। सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहता है।

छात्र-छात्रओं के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में सुसज्जित कक्षायें, विज्ञान विषय भैतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगशालायें हैं। विद्यालय में कम्प्यूटर कक्ष, कला कक्ष, गृहविज्ञान कक्ष एवं भव्य पुस्तकालय है। विद्यालय में सुंदर क्रीड़ा स्थल है जहां छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण विद्यालय के योग्य एवं कर्मठ क्रीड़ाध्यक्ष से प्राप्त होता है। खेल में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाग कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय में छात्र-छात्रओं को स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण विभिन्न सोपान में कराए जाते हैं। विद्यालय के स्काउट-गाइड ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करके विद्यालय का मान बढ़ाया।

पत्रिका 'भारती' का यह संस्करण छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षकाओं के सहयोग एवम् माननीय प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में प्रबंध समिति के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों, शिक्षा विभाग के सम्मानित अधिकारियों एवं अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है। आशा है कि यह पत्रिका सम्पूर्ण जनमानस के भावानुकूल होगी। पुनः हम सभी के प्रति हृदय से अभिनन्दन करते हुए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

खेल-कूद में विद्यालय की उपलब्धियाँ

डॉ0 जय प्रकाश शर्मा

प्रवक्ता, क्रीड़ाध्यक्ष

खेलकूद :- हमारा यह विद्यालय खेलकूद एवं बालीबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती आदि में सदा अग्रणी रहा है।

हमारे पूर्व प्रबन्धक परम श्रद्धेय स्व. बाबू शम्भूनाथ अग्रवाल जिनका 1910 में रोपित नव शिक्षा तरु को वर्तमान शिक्षा वट वृक्ष बनाने में अपना अनोखा प्रशंसनीय योगदान रहा है, बालीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं।

हमारे पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. एन.डी.अग्रवाल जी के सुपुत्र स्व. सुरेश गोयल जी दैवयोग से अत्यन्त अल्पायु में ही हम सबसे बिछुड़ गये थे बैडमिन्टन में अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सफलता के लिए चिर स्मरणीय रहेगें। ये महान विभूतियाँ हमारी युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत है।

श्री सुरेश गोयल जी 20 जून 1943 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जन्म हुआ था। इन्होंने 10 वर्ष की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया और 14 साल की उम्र में राष्ट्रीय जूनियर चैम्पियन बने। वह 1962 से 1970 तक पॉच मौकों पर पुरुष राष्ट्रीय युगल और मिश्रित युगल में राष्ट्रीय खिताब भी जीते। उन्हें 1967 मे अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने 1960-61 में थॉमस कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 1969-70 में जयपुर में इंडोनेशिया के खिलाफ भारतीय टीम की कप्तानी की। उन्होंने 1967 में यू.एस. ओपेन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भी खेला और फाइनल में पहुँचे जहां वह डेनमार्क के एरलैंड कोप्स से हार गये। उन्होंने कई बार प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैड चैम्पियनशिप में खेला। इन्होंने 1966 किंग्स्टन और 1970 एडिनबर्ग राष्ट्र मंडल खेलो और 1972 म्यूनिख ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 35 वर्ष की आयु में वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान के रनिंग ट्रैक पर व्यायाम करते समय हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गई।

अब खेल और शारीरिक शिक्षा को माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने इण्टर तथा हाईस्कूल में यू.पी. बोर्ड के छात्र-छात्राओं को सन् 2006 से एक विषय के रूप में प्रभावी मानते हुए अनिवार्य विषय बना दिया गया है, जिसमें लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षायें क्रमशः 50,50 अंक की होगी तथा 6 से 12 तक शारीरिक शिक्षा अनिवार्य विषय माना गया है।

डॉ. जय प्रकाश शर्मा क्रीडाध्यक्ष इलाहाबाद इण्टर कालेज, प्रयागराज 67वीं उत्तर प्रदेश विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता दिनांक 17 से 20 अक्टूबर 2023 तक अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर व जूनियर बालक वर्ग के चयनकर्ता हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान, स्टेडियम, अयोध्या (उ.प्र.) के प्राचार्य श्री भगती सिंह के द्वारा नियुक्त किए गये थे। अपनी लगन और तत्परता से इस परितोषिक से डा. शर्मा ने पूरे विद्यालय परिवार के साथ-साथ प्रयागराज जनपद को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार हृदय से बधाई देता है और भविष्य में आगे बढ़ने की मंगल कामना करता है।

नगर दक्षिण खो-खो प्रतियोगिता – विद्यालय के बालक वर्ग की प्रथम बालिक वर्ग द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालयीय नगर दक्षिण खो-खो प्रतियोगिता विद्यालय के मैदान पर दिनांक 14 सितम्बर 2023 को आयोजित हुई जिसमें इलाहाबाद इण्टर कालेज बालक वर्ग नें 28वें वर्ष चल बैजन्ती पर कब्जा कर प्रथम स्थान बरकरार रखा। बालिका वर्ग को 21वें वर्ष चल वैजन्ती पर द्वितीय स्थान पर सन्तोष करना पड़ रहा है।

जनपद विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता – नगर दक्षिण बालक वर्ग नें द्वितीय स्थान अर्जित किया तथा विद्यालय के दो छात्र खिलाड़ियों का चयन किया गया। जनपद विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग की विद्यालय के मैदान पर लगातार आयोजित हो रही है। दिनांक 29 सितम्बर 2023 को बालिका वर्ग की आयोजित हुई जिसमें जनपद के सभी सम्भाग की टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मंजू सिंह ने किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम मिश्रा के द्वारा समापन व पुरस्कार वितरण हुआ। वहीं 30 सितम्बर 2023 की बालक वर्ग का भी प्रतियोगिता आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर दक्षिण के खेल संयोजक श्री संदीप राठौर के द्वारा किया गया तथा विजेता क्रम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण जिला प्रधानाचार्य परिषद प्रयागराज के श्री अनय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। सभी आगुन्तकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मंजू सिंह के द्वारा हुआ कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाध्यक्ष डा. जय प्रकाश शर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनन्त कुमार गुप्ता के द्वारा दिया गया।

मण्डल विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता – प्रयागराज की टीम सभी वर्गों में विजेता रही तथा विद्यालय के दो छात्र टीम में रहे। मण्डल विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता विद्यालय के मैदान पर दिनांक 05 अक्टूबर 2023 बालक वर्ग तथा बालिका वर्ग का आयोजन हुआ जिसमें प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी एवं प्रयागराज की टीमों ने भाग लिया आयोजन सीनियर व सब जूनियर दो वर्गों में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डां. मंजू सिंह के द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक (मा.) चतुर्थमण्डल श्री.आर.एन. विश्वकर्मा जी द्वारा किया गया तथा विजेता क्रम के खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मंजू सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता क्रीड़ाध्यक्ष डा. जय प्रकाश शर्मा ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन का स्वागत प्रवक्ता डॉ. अनन्त कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

नगर दक्षिण कुश्ती प्रतियोगिता :- नगर दक्षिण विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता सेवा समिति विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में दिनांक 04 सितम्बर 2023 को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र कक्षा-XII AB श्रेयांग अग्रहरि ने भाग लेते हुए 51kg में विजेता स्थान अर्जित किया वही कक्षा XI AB आदित्य पाल अपने वेट पर 48Kg में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

विद्यालयीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता

बालक वर्ग :- इलाहाबाद इण्टर कालेज के प्रागंण में दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन और पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मंजू सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता क्रीड़ाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। डॉ. अनन्त कुमार गुप्ता ने आगुन्तकों का स्वागत किया गया। व्यक्तिगत चैपिंयनशिप सीनियर वर्ग में हसन रजा कक्षा XII SB ने अर्जित किया वही जूनियर वर्ग में निर्भय श्रीवास्तव कक्षा VIII B ने अर्जित किया।

बालिका वर्ग :- विद्यालय प्रागंण में ही दिनांक 31 दिसम्बर 2023 को आयोजित हुई जिसमें सीनियर वर्ग में कोमल कक्षा XI C.G ने अर्जित किया वही जूनियर वर्ग में पलक गौड़ कक्षा VII G ने व्यक्तिगत चैपिंयनशिप जीत कर ट्राफी पर कब्जा किया।

माननीय अध्यक्ष, प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारीगण व सदस्यों तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के समस्त स्टॉफ के आशीर्वाद से ही हमारे विद्यालय की उपलब्धियाँ एवं सफलता लगातार मिल रही है। समस्त कर्मचारियों के सहयोग से ही कार्यक्रम सफल हुये है। सभी के प्रति हम हृदय से आभार प्रदर्शन करते है।

मातृभूमि वन्दन

वन्दे मातरम्।

सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,

शस्यश्यामलाम्, मातरम् ।

वन्दे मातरम्!

शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्

फुल्लकुसुमित-द्रुमदल शोभिनीम्

सुहासिनीं, सुमधुरभाषिणीम्

सुखदां वरदां मातरम् ।

वन्दे मातरम् ।।

राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक, जय हे
भारत-भाग्य विधाता।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा-
द्राविड़-उत्कल बंग
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा
जन-गण-मंगल दायक जय हे
भारत-भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।

दैनिक विद्यालय प्रार्थना

वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य-मार्ग पर डट जावें।
पर सेवा पर उपकार में हम, जग जीवन सफल बना जावें।।

हम दीन दुखी निबलों, विकलों के सेवक बन संताप हरें।
जो हैं अटके भूले भटके, उनको तारे खुद तर जावें।।

छल दम्भ द्वेष पाखण्ड झूठ, अन्याय से निशि-दिन दूर रहें।
जीवन हो शुद्ध सरल अपना, शुचि प्रेम सुधारस बरसावें।।

निज आन-मान मर्यादा का, प्रभु ध्यान रहे अभिमान रहे।
जिस पुण्य भूमि पर जन्म लिया, बलिदान उसी पर हो जावें।

वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य-मार्ग पर डट जावें।

स्काउटिंग गाइड की अनिवार्यता

श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल
सहायक अध्यापिका एवं गाइड कैप्टन

परिचय – स्काउटिंग गाइडिंग युवाओं के व्यक्तित्व विकास का अनुपम आंदोलन है। यह एक सैन्य अधिकारी 'लार्ड रॉबर्ट स्टीफेन्सन, स्मिथ बेडेन पॉवेल' द्वारा 1907 में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में स्काउट गाइड संगठन के 216 देशों और उपनिवेशों में संचालित है। लगभग 5 करोड़ सदस्यों के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है।

आंदोलन में 3 वर्ष की आयु से 25 वर्ष की आयु के बालक-बालिका, युवक-युवतियों के लिए मनोवैज्ञानिक आधार पर प्रशिक्षण एवं गतिविधियां उपलब्ध हैं। यह जीवनोपयोगी गति-विधि उन्हें सर्वांगीण रूप से विकास कर स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का उत्तरदायी नागरिक बनने में मदद करती है।

प्रमुख शाखाएँ – बन्नी, कब, बुलबुल, स्काउटिंग, गाइडिंग, रोवरिंग, रेंजरिंग।

गतिविधियाँ – शिविर जीवन कैम्प क्राफ्ट, साहसिक गतिविधियाँ, आत्म रक्षक एवं जीवन रक्षक कलाएं एवं सामुदायिक विकास, कौशल विकास एवं दक्षता, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियां स्वावलम्बन।

पुरस्कार (बालक/बालिकाओं) के लिए – स्काउट-गाइड के सदस्यों को निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर राज्य स्तर पर राज्यपाल महोदय द्वारा एवं राष्ट्रीय स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र विशेष समारोह में प्रदान किये जाते है। यह गौरव वर्तमान में स्काउंट-गाइड को ही प्राप्त है।

स्काउटिंग गाइडिंग अनिवार्य क्यों – वर्तमान समय में बालक-बालिकाओं, युवक-युवतियों सामाजिक जीवन से विमुख होकर एकाकी होते जा रहे हैं। अभिभावकों का भी रुझान अधिकाधिक अंक अर्जित करवाने की ओर रहता है। फलस्वरूप बालक, बालिकायें युवक युवतियाँ, शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित कर लेते हैं, लेकिन सामाजिक जीवन से अनभिज्ञ रहते हैं, और जीवन उपयोगी कलाओं को नहीं सीख पाते है। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों का दृढ़तापर्वूक सामना नहीं कर पाते है।

निजी विद्यार्थियों, महाविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र वर्ग को जीवन उपयोगी एवं जीवन रक्षक कलाओं के प्रशिक्षण युक्त युवाओं के रूप में तैयार कर समुदाय के उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार किया जा सकता है। इस कार्य हेतु स्काउंट गाइड संगठन एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

अभिभावक ध्यान दें – बालक-बालिकाओं, युवक-युवतियों को स्काउट गाइड संगठन के सदस्य बनाने के लाभ-

1. इन्हें सामाजिक रूप से विकसित होने का अवसर मिलेगा।
2. आवासीय शिविरों के माध्यम से परस्पर मेल-जोल बढ़ाने के अवसर मिलेंगें।
3. अपने आयु वर्ग के साथ प्रकृति के मध्य सीखने का अवसर।
4. व्यवहारिक ज्ञान में वृद्धि।

5. करके सीखने का अवसर।

6. नियमित अनुशासित जीवन जीने का अवसर।

7. विपरीत परिस्थितियों में जीवने जीने की कला सीखने का अवसर।

8. राष्ट्रपति पुरुस्कार प्रमाण-पत्र पाने का अवसर एवं भारत सरकार के विभिन्न नौकरियों में विशेष छूट।

स्काउट गाइड करने से क्या लाभ होता है?

1. मानवीय गुणों के विकास के साथ वे संस्कारिक नागरिक बनकर समाज व राष्ट्र के लिये उपयोगी बनते है?

2. अपने में नेतृत्व क्षमता विकसित कर साहसिक कार्यक्रमों में भागीदारी निभाकर सदैव स्वस्थ व तनावमुक्त होते हैं।

3. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त कर स्वावलम्बी श्रम के प्रति निष्ठावान सृजनात्मक क्षमता का विकास करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

4. स्काउटिंग के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय के हस्ताक्षरित राज्य पुरस्कार व महामहिम राष्ट्रपति के महोदय के हस्ताक्षरित राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करते है।

5. स्काउट-गाइड प्रमाण पत्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी नौकरियों में मेरिट में लाभ मिलता है।

6. राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण-पत्र के लिए भारतीय रेलवे में स्काउट गाइड के लिए स्पेशल वैकेन्सी निकलती है।

7. विभिन्न विद्यालय, एवं महाविद्यालय में नामांकन के समय अतिरिक्त छूट दिया जाता है।

8. अन्य विभिन्न विभागों में स्काउट गाइड प्रमाण पत्र का बहुत लाभ मिलता है।

जयघोष

जन्म जहाँ पर - हमने पाया
अन्न जहाँ के - हमने खाया
वस्त्र जहाँ के - हमने पहना
वह है प्यारा - देश हमारा
उसकी रक्षा - हम करेंगे, हम करेंगे, हम करेंगे
उसकी सेवा - हम करेंगे, हम करेंगे, हम करेंगे
कैसे करोगे - तन से करेंगे, मन से करेंगे,
धन से करेंगे
भारत माता - की जय
भारत माता - की जय
भारत माता - की जय

स्काउट गाइड झंडा गीत

भारत स्काउट गाइड झंडा ऊँचा सदा रहेगा,
ऊँचा सदा रहेगा झंडा ऊँचा सदा रहेगा,

नीला रंग गगन सा विस्तृत भ्रातृ भाव फैलाता
त्रिदल कमल नित तीन प्रतिज्ञाओं की याद दिलाता,
और चक्र कहता है प्रतिपल आगे कदम बढ़ेगा,

ऊँचा सदा रहेगा झंडा ऊँचा सदा रहेगा,
भारत स्काउट गाइड झंडा ऊँचा सदा रहेगा

स्काउट/गाइड का प्रेरणात्मक गीत

एक देश है, एक वेश है, एक हमारा नारा है,
हम स्काउट हैं भारत के, भारत देश हमारा है।

हमने भारत की रचना में, मेहनत की जी तोड़ है,
इस धरती पर बलिदानों की, कथा लिखी बेजोड़ है।

यहाँ नहीं पुरुषों से पीछे, रही कभी भी नारियाँ,
इसमें जलती रही सदा ही, जीवन की चिनगारियाँ।।

स्काउट/गाइड प्रार्थना

दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना।
दया करना, हमारी आत्मा में शुद्धता देना।।

हमारे ध्यान में आओ, प्रभु आँखों में बस जाओ।
अंधेरे दिल में आकर के परम ज्योति जगा देना।।

बहा दो प्रेम की गंगा, दिलों में प्रेम का सागर।
हमें आपस में मिलजुल कर प्रभु रहना सिखा देना।।

हमारा कर्म हो सेवा, हमारा धर्म हो सेवा।
सदा ईमान हो सेवा, व सेवक चर बना देना।।

वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना।
वतन पर जाँ फिदा करना, प्रभु हमको सिखा देना।।

दया करना हमारी आत्मा में शुद्धता देना।
दया कर दान भक्ति का हमें परमात्मा देना।।

हाईस्कूल तक विज्ञान विषय का महत्व

श्रीमती मीनाक्षी शर्मा
प्रवक्ता रसायन

विज्ञान-प्राकृतिक घटनाओं का प्रायोगिक प्रेक्षणों एवं वैज्ञानिक तर्कों के आधार पर विस्तृत, गहन, एवं सुव्यवस्थित ज्ञान ही विज्ञान है।

इस प्रकार विज्ञान एक ऐसा विषय है जो हमें आसपास की दुनिया को समझने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने में मदद करता है। विज्ञान की पढ़ाई कक्षा 10 तक अति महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें विभिन्न विषयों का समावेश है जैसे कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित। यह छात्रों को विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्तों, विधियों और तकनीकों को समझने और उन्हें अपने जीवन में लागू करने की क्षमता प्रदान करती है।

विज्ञान की पढ़ाई हमें विचारशीलता और विचार करने की क्षमता प्रदान करती है। यह बौद्धिक क्षमता का विकास करती है। यह हमें प्रश्नों को समझकर उनके जवाब खोजने के लिये प्रेरित करती है जिससे हमारी सोचने की क्षमता विकसित होती है।

विज्ञान हमें तकनीकी और वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग करना सिखाता है जिससे नित नये बन रहे उपकरण, मशीन, यंत्र को समझने व उपयोग में आसानी होती है और व्यक्ति अपना जीवन बेहतर तरीके से जी सकता है। कक्षा 10 तक विज्ञान की पढ़ाई हमें अधिक शिक्षित और सफल नागरिक बनने में मदद करती है

यह हममें आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना प्रदान करती है और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्साहित करती है।

निष्कर्ष के रूप में कक्षा 10 तक की विज्ञान की पढ़ाई हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें विज्ञान के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में उपयोग करने की क्षमता प्रदान करती है। यह हमें समस्याओं का समाधान करने के लिये तैयार करती है और हमें एक बेहतर और उत्तम भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती है। इससे बच्चों का दृष्टिकोण इस प्रकार विकसित होता है जिससे जीवन में होने वाली घटनाओं को समझने उसे हल करके जीवन में आगे बढ़ने में सहायक होती है। अतः 10वीं तक विज्ञान की पढ़ाई सभी के लिये अति आवश्यक है।

स्काउटिंग और गाइडिंग की सामान्य जानकारी एवं जीवन में महत्व

डॉ. मुकेश त्रिपाठी
सहायक अध्यापक एवं स्काउट मास्टर

भारत में स्काउटिंग पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, डॉ. हदय नाथ कुंजरू, श्रीराम बाजपेई, पं. जवाहर लाल नेहरू के प्रयासों से 1909 में आई। शुरुआत में इसे बालचर सेवा समिति, बॉयज स्काउट्स एसोसियेशन, हिंदुस्तान स्काउट्स एसोसियेशन, गर्ल गाइड इन इंडिया जैसे अलग-अलग नामों से चलाया जाता था। 7 नवंबर 1950 को आजादी के बाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री अब्दुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में सभी संगठनो को मिलाकर एक संगठन बनाया गया। इसका नाम भारत स्काउट और गाइड Bharats Scout and Guids रखा गया। आइये जानते हैं स्काउट एंड गाइड का महत्व Importance of Scout and Guide इसके जीवन मे क्या लाभ हैं। यह किस तरह काम करता है और इसका स्वरूप क्या हैं।

स्काउट एंड गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। यह बचपन से ही व्यक्तित्व के विकास की नींव रखता है। एक बेहतर नागरिक बनाने के लिए समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्त्तव्यों की प्रेरणा स्काउट और गाइड में दी जाती है। 3 वर्ष से 25 वर्ष की उम्र के बच्चे स्काउट एंड गाइड का हिस्सा होते है। इसके लिए उम्र की सीमा और उसके कैडर तय किये गये हैं।

स्काउट एंड गाइड एक सैन्य अधिकारी लॉर्ड रॉबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडन पावेल ने 1907 में शुरु किया। वर्तमान मे स्काउट गाइड संगठन विश्व के 216 देशो में और उपनिवेशों में संचालित है। यह मनोवैज्ञानिक आधार पर स्टूडेंट्स का विकास कर स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय का उतरदायी नागरिक बनने में मदद करती है। उम्र के हिसाब से अलग-अलग विंग बनाई गई हैं।

- बन्नी – 3 से 5 वर्ष के शिशुओं के लिए संचालित सबसे छोटी शाखा।
- कब – 5 से 10 वर्ष के बालकों के लिए संचालित गतिविधि रुडयार्ड किपलिंग के प्रसिद्ध पुस्तक ''दि जंगल बुक'' पर आधारित, यह 1916 में शुरु किया गया।
- बुलबुल – 5 से 10 वर्ष के बालिकाओं की गतिविधि, एक विशेष कहानी ''तारा की स्टोरी'' पर संचालित, यह 1916 में शुरू हुई।
- स्काउटिंग – 10 से 17 वर्ष के बालकों की गतिविधि लार्ड बेडन पावेल के सैन्य अभ्यास पर जीवन के लिए उपयोगी प्रशिक्षण। यह प्रशिक्षण 1907 में शुरू किया गया।
- गाइडिंग – 10 से 17 के बालिकाओं की गतिविधि जीवनोपयोगी कला का प्रशिक्षण। यह 1910 में प्रारम्भ किया गया।
- रोवरिंग – 15 से 25 वर्ष के युवाओं की गतिविधि, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन उपयोगी कलाओं का प्रशिक्षण। साहसिक गतिविधियाँ, समाजसेवा, सामुदायिक सेवा का प्रशिक्षण। यह प्रशिक्षण 1918 में शुरू किया गया।

वर्तमान समय में हमें प्रत्येक विद्यालय में स्काउट और गाइड की शिक्षा दी जाती है। हमारे विधालय में यह कक्षा 8 तक अनिवार्य है नैतिक शिक्षा के रूप में यह हाईस्कूल तक अनिवार्य है। इससे बच्चों का मानसिक, शारीरिक नैतिक सामाजिक, और आध्यात्मिक विकास होता है। इसीलिए इस शिक्षा को हमें और अधिक बढ़ावा देना चाहिए।

हमारे कॉलेज में स्काउटिंग और गाइडिंग को बहुत महत्व दिया जाता है। स्काउटिंग में ऐसे कार्यकम रखे जाते हैं जो बच्चों का चारित्रिक निर्माण करते हैं और शारीरिक विकास करते हैं। बच्चों में सामाजिक एवं जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है। स्काउटिंग गाइडिंग एक खेल है, ऐसा स्काउटिंग और गाइडिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल जी ने भी कहा है। यह बच्चों में बौद्धिक, नैतिक और शारीरिक विकास उत्पन्न करती है और सेवा की भावना जागृत करती है और ईश्वर के प्रति वास्तविक प्रेम, सम्मान एवं भक्ति की भावना उत्पन्न करती है। स्काउटिंग गाइडिंग शिक्षा अनेक प्रकार से की जाती है। जैसे – खेल, प्रदर्शन, अभिनय, प्रयोग, व्याख्यान तथा पुस्तकों के माध्यम से दी जाती है। ऐसा कोई दूसरा पाठ्येतर कार्य नही है जो स्काउटिंग गाइडिंग की तरह बच्चों का सम्पूर्ण विकास कर सके। यह स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा दीक्षा उन्हें एक योग्य देशभक्त, समाजसेवी और कुशल नागरिक बननें की प्रेरणा देती है।

कुछ करना है तो डटकर चल

कंचन यादव
11CG

कुछ करना है, तो डटकर चल।
थोड़ा दुनिया से, हटकर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते हैं।
कभी इतिहास को पलटकर चल।
बिना काम के मुकाम कैसा?
बिना मेहनत के दाम कैसा?
जब तक ना हाँसिल हो मंजिल
तो राह में आराम कैसा।
अर्जुन सा निशाना रख।
मन में ना कोई बहाना रख।
लक्ष्य सामने है बस उसी
अपना ठिकाना रख।
सोच मत, साकार कर
अपने कर्मो, से प्यार कर।
मिलेगा तेरी हर मेहनत का फल
किसी और का ना इंतजार कर।

Thank you

Aliza Rafiq
9th

My father is my God,
My mother is my Goddess,
My teacher's are my angles, and
I am a queen.

Thank you father for
become my God,
Thank you mother for
become my Goddess,
Thank you teacher for
become my angles.
I am queen because
all are with me!

Thank you teachers
for teaching me,
Thank you father
for my respect,
Thank you mother
to giving me birth
Thank you all
for every things to give me.

वार्षिकोत्सव समारोह 2023

मुख्य अतिथि
माननीय न्यायमूर्ति श्री सूर्य प्रकाश केसरवानी
द्वारा मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद

मुख्य अतिथि
माननीय न्यायमूर्ति श्री रोहित रंजन अग्रवाल जी
मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद देते हुए

विशिष्ट अतिथि
डॉक्टर अनूप कुमार ठक्कड़ जी
कार्यक्रम में संबोधन
देते हुए

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं
अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद
के सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा
विद्यालय की पत्रिका 'भारती '
का विमोचन

वार्षिकोत्सव समारोह 2023

वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि
माननीय न्यायमूर्ति श्री रोहित रंजन अग्रवाल जी
के साथ अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद् एवं
प्रबंध समिति के सम्मानित पदाधिकारी गण

वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर मंचासीन
मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि
अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद् एवं
प्रबंध समिति के सम्मानित पदाधिकारी गण

वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर मंचासीन
सम्मानित अतिथि, पदाधिकारी गण
एवं सम्मुख उपस्थित छात्र-छात्राएं

वार्षिकोत्सव समारोह में
उपस्थित छात्र-छात्राएं

वार्षिकोत्सव समारोह 2023

वार्षिकोत्सव समारोह में स्वागत गीत
प्रस्तुत करती हुई विद्यालय की छात्राएं

वार्षिकोत्सव समारोह में लोकनृत्य
प्रस्तुत करती विद्यालय की छात्राएं

वार्षिकोत्सव समारोह में हाई स्कूल
एवं इण्टरमीडिएट में प्रथम स्थान
प्राप्त पुरस्कृत छात्र-छात्राएं

विद्यालय प्रांगण

शिक्षक दिवस समारोह 2023

मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ0 मंजू सिंह को सम्मान पत्र भेंट करते हुए, साथ में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल जी

अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ0) पीयूष रंजन अग्रवाल जी मार्ग दर्शन एवं आशीर्वचन देते हुए

प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष श्री विजय कृष्ण जी आशीर्वाद देते हुए

अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद के मंत्री श्री राजेश अग्रवाल जी द्वारा संबोधन

डॉ0 अनन्त कुमार गुप्त मंच का संचालन करते हुए

आर्थिक समृद्धि तथा सामाजिक न्याय

अनिल कुमार

प्रवक्ता (वाणिज्य)

सामाजिक न्याय की आदर्श स्थिति प्राप्त करने हेतु न केवल आर्थिक समृद्धि आवश्यक है बल्कि उस समृद्धि का समता व न्याय आधारित वितरण भी अनिवार्य है। इस प्रकार सामाजिक न्याय की एक स्वीकार्य स्थिति प्राप्त करने के लिये पहले कुछ मूलभूत संसाधन सृजित व एकत्रित करने की भी आवश्यकता होगी। यहीं से किसी भी देश के लिये आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने और अपनी स्थिति मजबूत कर लेने की एक बड़ी प्रेरणा उत्पन्न होती है। यदि समाज के वंचित वर्गों तक संसाधनों व आर्थिक लाभों की पहुँच सुनिश्चित करनी है तो सबसे पहले देश में पूँजी निर्माण के माध्यम से इन वर्गों के लिये अवसर सृजित करने होंगे। जब तक किसी अर्थव्यवस्था में एक उन्नत रोजगार बाजार न मौजूद हो तब तक वंचित वर्गों के युवाओं को विकास की कतार में आगे नहीं लाया जा सकेगा। इस प्रकार अर्थव्यवस्था की उन्नति न होने पर किसी भी देश का अवसंरचनात्मक निवेश (आवासन, विद्युत ,पेयजल इत्यादि सुविधाओं में निवेश) कम हो जाता है और ऐसी स्थिति में सरकारें दिव्यांगों, वृद्धजनों इत्यादि को समुचित रूप से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ रहती हैं। इसके अतिरिक्त अर्थव्यवस्था में समग्र उन्नति के अभाव में सामाजिक क्षेत्र के सभी आयामों में निवेश कम रहता है। जिससे सामाजिक पूंजी का निर्माण नहीं हो पाता और सामाजिक न्याय का आदर्श व्यवहार से और दूर हो जाता है। इसी का एक पक्ष यह भी है कि आर्थिक समृद्धि से वंचित देश केवल अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के ही प्रयत्न करते रह जाते है और नवाचार तथा वैज्ञानिक मनोवृत्ति को बढ़ावा देने की दशा में वहाँ बहुत उन्नति नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में वहाँ के वैज्ञानिक या उद्यमी मनोवृत्ति वाले नागरिक देश छोड़कर चले जाने व किसी विकसित देश में अपने विचारों को मूर्त रूप देने का निर्णय लेते है, अतः वहाँ आर्थिक समृद्धि व सामाजिक न्याय दोनों की स्थिति निम्न ही बनी रहती है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सामाजिक न्याय के सपने को साकार कर पाना अर्थव्यवस्था के निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ते रहने पर ही संभव है।

अर्थव्यवस्था की प्रगति किसी भी देश में विकास की गति व त्वरण निर्धारित करने के लिये अनिवार्य है लेकिन जब तक उस विकास का उपयोग सभी लोगों की सेवा करने, उनके सहायक की भूमिका अदा करने, उनकी समस्याओं का समाधान खोजने तथा उनकी अभिलाषाओं को प्रबंधित करने में नहीं होगा तब तक इससे मिलने वाले लाभ अनुपयोगी ही नजर आएंगें। दूसरी ओर, यह भी सत्य है कि यदि आर्थिक विकास उच्च स्थिति में न रहा तो सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक संसाधन ही नहीं जुटाए जा सकेंगे। चूंकि 'आर्थिक समृद्धि' और 'सामाजिक-न्याय' अविच्छिन्न रूप से एक-दूसरे से जुड़े है ऐसे में एक की अनुपस्थिति में अन्य की कल्पना निराधार ही है। इसलिये आदर्श स्थिति में दोनों ही पक्षों के मध्य संतुलन साधा जाना अनिवार्य होगा और इसका झुकाव सामाजिक न्याय के मूल्यों की तरफ होना चाहिये, क्योंकि आर्थिक समृद्धि की अनुपस्थिति में सामाजिक न्याय की संरचना में दरारें होंगी परन्तु सामाजिक न्याय की अनुपस्थिति में आर्थिक समृद्धि का ताना-बाना बिखरकर ही रह जाएगा।

एडम स्मिथ

- एक व्यक्ति किसी संसाधन, जैसे –जमीन या श्रमिक का निवेश इसलिये करता है ताकि उसे बदले में ज्यादा-से-ज्यादा लाभ मिले। परिणामतः संसाधन का सभी तरह से इस्तेमाल समान लाभ (हर एक में मौजूद तुलनात्मक

जोखिम के लिहाज से समायोजित) मिलना चाहिये वरना स्थानातंरण देखने को मिलेगा।

- एक अच्छे विदेशी बाजार को बेहतरी, कुछ समय के लिये कुछ समान विशेष के लिये ज्यादा कीमत चुकाने की अस्थायी असुविधा की क्षतिपूर्ति कर देगी।
- पूर्णतः स्वार्थी व्यक्ति की संकल्पना भला कैसे की जा सकती है। प्रकृति के निश्चित ही कुछ ऐसे सिद्धांत हैं जो उसको दूसरों के हितों से जोड़कर उनकी खुशियों को उसके लिये अनिवार्य बना देते हैं, जिससे उसे उन्हें सुखी-संपन्न देखने के अतिरिक्त और कुछ भी प्राप्त नहीं होता है।
- किसी वस्तु को यदि कोई देश हमारे देश में आई उत्पादन लागत से सस्ती देने को तैयार है तो यह हमारा कर्त्तव्य है कि उसको वहीं से खरीदें तथा अपने देश के श्रम एवं संसाधनों का नियोजन इस प्रकार करें कि वह अधिकाधिक कारगर हो सके तथा हम उसका उपयुक्त लाभ उठा सकें।

समय प्रबंधन/अनुशासन

- काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
  पल में परलय होएगी, बहुरि करोगे कब ।। - कबीर
- समय सबसे कम पाया जाने वाला संसाधन है, और जब तक इसका अच्छा प्रबंधन नहीं किया जाता है, तो बाकी किसी चीज का प्रबंधन नहीं किया जा सकता है। - पीटर ड्रकर
- समय धन से अधिक मूल्यवान है। आप अधिक धन तो पा सकते हैं लेकिन अधिक समय कभी नहीं पा सकते। - जिम रॉन
- मैने समय को बर्बाद किया और अब समय मुझे बर्बाद कर रहा है। - शेक्सपियर
- अमीर लोग समय में निवेश करते है, गरीब लोग धन में निवेश करते हैं। - वॉरेन बफेट
- जीवन में मेरे पंसदीदा चीजों में कोई खास खर्च नहीं है। यह वास्तव में बिल्कुल स्पष्ट है कि सबसे कीमती संसाधन जो हमारे पास है वह है समय। - स्टीव जॉब्स
- बुरी खबर यह है कि समय उड़ता है, अच्छी खबर यह है कि आप उसके पायलट हैं। - माइकल आल्शुलर
- समय धन से अधिक मूल्यवान है। आप अधिक धन तो पा सकते हैं लेकिन अधिक समय कभी नहीं पा सकते। -जिम रॉन
- अनुशासन ही उद्देश्य और उपलब्धि के बीच का सेतु है। - जिम रॉन
- प्राथमिकताओं को समझना ही वास्तविक नेतृत्व है और उसका अनुकरण करना अर्थात् अनुशासन ही वास्तविक प्रबंधन है। - स्टेफेन कोवी
- अपनी इच्छाओं पर अनुशासन ही आपके चरित्र का आधार है। - जॉन लॉक
- अनुशासन विपत्ति की पाठशाला में सीखा जाता है। -महात्मा गाँधी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का भविष्य और चुनौतियाँ

विनोद कुमार
स0 अध्यापक (विज्ञान)

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ सीखने एवं सिखाने की क्रिया जिसके द्वारा बालक की आन्तरिक शक्तियों का विकास तथा व्यवहार को परिष्कृत किया जाता है। शिक्षा द्वारा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाया जाता है।

इसरों के पूर्व प्रमुख **डॉ. के कस्तूरीरंगन** की अध्यक्षता में गठित समिति ने शिक्षा क्षेत्र में सुधारों से सम्बन्धित **राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020**, की घोषणा की जिसे भारत सरकार ने मंजूरी दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, वर्ष 1968 और वर्ष 1986 के बाद स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। इसमें 1986 के 10+2 के शैक्षिक मॉडल के स्थान पर 5+3+3+4 के शैक्षिक मॉडल को अपनाया गया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदल कर **शिक्षा मंत्रालय** कर दिया गया है।

- प्रथम चरण के 5 वर्ष को फाउण्डेशन स्टेज कहा गया जिसमें 3 वर्ष से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम 2 समूहों में विभाजन किया गया है – 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए ऑगनबाड़ी, बालवाटिका, किन्डर गार्टन आदि प्री-स्कूल के माध्यम से Early Childhood Care & Education की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं 6 से 8 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक स्कूलों में कक्षा 1 और कक्षा 2 में ग्रेडिंग प्रणाली से बिना परीक्षा के ग्रेड दिया जायेगा। शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा होगा।
- द्वितीय चरण के 3 वर्ष को **प्रीपेटरी स्टेज** जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 5 शामिल (आयु 8 वर्ष से 11 वर्ष) है जिसमें बालक को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की शिक्षा दी जायेगी। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा/स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा होगा।
